भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 982
10 फरवरी, 2023 को उत्तरार्थ

विषय: असम में कृषि-योग्य भूमि विकसित किया जाना
982. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कृषि-योग्य भूमि को विकसित करने के लिए असम के दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की है, यदि हां, तो इन क्षेत्रों में किन-किन फसलों की खेती की जा रही है;

(ख) देश में, विशेषकर असम में कृषि-योग्य भूमि का हेक्टेयर में कुल क्षेत्रफल कितना है;

(ग) क्या सरकार ने देश में खाद्यान्न संकट से निपटने की दृष्टि से कृषि-योग्य भूमि के विस्तार किए जाने हेतु कोई योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या पूर्वोत्तर के कई राज्यों में बंजर भूमि का क्षेत्र भी बढ़ता जा रहा है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ङ): भारत के संविधान की सांतवी अनुसूची के अनुसार, भूमि राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। अत: राज्य सरकारों को राज्य में कृषि योग्य भूमि के विकास हेतु उचित उपाय करने होते हैं। तथापि, भारत सरकार उचित नीतिगत उपायों तथा बजटीय प्रावधान से राज्यों के प्रयासों में सहायता करती है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग असम के जनजाति सहित देश के सभी किसानों को लाभान्वित करते हुए कृषि क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं को कार्यान्वित करता है जैसे राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, परंपरागत कृषि विकास योजना, सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन का घटक वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन (एमओवीसीडीएनईआर) इत्यादि। असम के आदिवासीतथा

सुदूर क्षेत्रों में उत्पादित प्रमुख फसलें धान, रेपसीड, सरसों, मक्का, गन्ना, उड़द, मूंग, पटसन, चाय इत्यादि हैं।

सरकार के विभिन्न प्रयासों के परिणाम स्वरूप देश में खाद्यान्न उत्पादन चौथे अग्रिम अनुमान, 2021-22 के अनुसार,2016-17 में 275.11 एमटी से बढ़कर 2021-22 में 315.72 एमटी हो गया है।

नवीनतम भू-उपयोग सांख्यिकी-एक झलक 2010-11 से 2019-20 के अनुसार, 2019-20 के दौरान देश में कृषि योग्य भूमि 17,99,93,287 हैक्टेयर है जिसमें असम का 32,96,258 हैक्टेयर शामिल है। 2010-11 में पूर्वोत्तर राज्यों में बंजर भूमि 15,90,448 हैक्टेयर थी जो कम होकर 2019-20 में 14,01,362 हैक्टेयर हो गई।

*****